Title: Need to introduce a direct train between Bhusawal and Mumbai during morning time.

श्री वाई. जी. महाजन (जलगांव) : महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र जलगांव, महाराट्र का प्रमुख जिला है तथा यहां पर कई औद्योगिक इकाइयां स्थापित हैं। केला और गन्ना यहां की प्रमुख कृाि उपज है। विश्व प्रसिद्ध गुफायें जलगांव से सिर्फ 50 किलोमीटर की दूरी पर हैं, जिन्हें देखने हेतु देश-विदेश से पर्यटक जलगांव में आते हैं।

मध्य रेलवे के भुसावल मंडल के अन्तर्गत आने वाले इस जंक्शन/स्टेशन से मुम्बई तथा सूरत और दिल्ली तथा हावड़ा की ओर रेलगाड़ियों का आवागमन होता है।

जलगांव जिले का स्थान है तथा भुसावल मंडल रेल का मुख्यालय है। भुसावल से मुम्बई के लिए सीधी रेलगाड़ी चलाए जाने की आवश्यकता है। जिससे इस क्षेत्र के लोगों को भारी सुविधा हो सकती है।

नागपुर-दादर सेवाग्राम एक्सप्रैस के समय में परिवर्तन कर देने से इस क्षेत्र के लोगों को नासिक तथा आगे मुम्बई के लिए सुबह के समय कोई गाड़ी न होने से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

अतः मेरा सुझाव है कि सुबह के समय भुसावल से मुम्बई के लिए सीधी रेलगाड़ी तुरन्त शुरु की जाए।